सोमवार के पहले चकाचक होंगे शिवालय

- रास्ते के गड्ढे होंगे समतल, स्ट्रीट लाइट होगी दुरुस्त
- डीएम के निर्देश पर पालिका प्रशासन ने किया दौरा

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : शहर के सिद्धपीठ शिव मंदिरों में पहुंचने वाले भक्तों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इन रास्तों में न तो गंदगी दिखेगी और न ही जर्जर सड़क का सामना करना पड़ेगा। कांवरियों और भक्तों का भोर पहर और रात में अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। डीएम के निर्देश पर पालिका की अधिशासी अधिकारी ने मौका मुआयना किया। समस्याओं के खात्मे के निर्देश दिए। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी ने शुक्रवार को शहर के सिद्धपीठ ताबेश्वर मंदिर और मोटेश्वर महादेव मंदिर पीरनपुर का जायजा लिया। सावन माह में भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को भांपते हुए रास्तों और प्रकाश व्यवस्था की पड़ताल की गई। मार्ग प्रकाश की लड़खड़ाई व्यवस्था का जायजा भी लिया गया। इसके बाद पालिका प्रशासन को सोमवार से पहले सभी काम खत्म करने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने बताया कि मंदिर के प्रमुख मार्गों के रास्ते के गड्ढों का समतलीकरण होगा। इसके साथ ही प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट दुरुस्त की जाएगी।

साफ सफाई के लिए पालिका के सफाई कर्मी मुस्तैद रहेंगे। सफाई निरीक्षक और सफाई प्रभारी इन मंदिरों के आसपास निगाह लगाए रखेंगे। साफ सफाई के साथ चूना छिड़काव आदि किया जाएगा।

सावन माह को लेकर साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लेतीं ईओ पालिका रश्मि भारती। जागरण